# केन्द्रीय लुग्दी एवं कागज अनुसंधान संस्थान

(उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार, वाणिजय एवं
उद्योग मंत्रालय , भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन)
हिम्मत नगर, स्टार पेपर मिल रोड, सहारनपुर (उत्तर प्रदेश)–247001
वेबसाइटः www.cppri.res.in

दिनांकः 22.04.2026

रिक्ति सूचना
विज्ञापन संख्याः 02 / 2026

केन्द्रीय लुग्दी एवं कागज अनुसंधान संस्थान (CPPRI), सहारनपुर द्वारा केन्द्र / राज्य सरकार के पी.एस.यू / अनुसंधान संस्थानों / विश्वविद्यालयों / स्वायत्त निकायों से सेवानिवृत्त व्यक्तियों से निम्न पदों को पूर्णतः संविदा आधार पर भरने हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैः–

1. परामर्शदाता ग्रेड – ।।। (01 पद) मासिक पारिश्रमिकः 50,000 / – (समेकित)

2. परामर्शदाता ग्रेड – ।। (01 पद) मासिक पारिश्रमिकः 40,000 / – (समेकित)

पात्रता मानदंड, कार्य प्रोफाइल तथा अन्य नियम एवं शतें संस्थान की वेबसाइट (www.cppri.res.in) पर उपलब्ध विस्तृत विज्ञापन में दी गई हैं।

**वॉक–इन इंटरव्यू की तिथिः 18.05.2026**

रिपोर्टिंग समयः प्रातः 9:00 बजे
स्थानः केन्द्रीय लुग्दी एवं कागज अनुसंधान संस्थान (CPPRI), सहारनपुर, उ.प्र. – 247001

(बर्नाली सोम)
बर्नाली शोम
प्रशासनिक अधिकारी,
सीपीपीआरआई

# केन्द्रीय लुग्दी एवं कागज अनुसंधान संस्थान

(उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार, वाणिजय एवं
उद्योग मंत्रालय , भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन)
हिम्मत नगर, स्टार पेपर मिल रोड, सहारनपुर (उत्तर प्रदेश)–247001
वेबसाइटः www.cppri.res.in

दिनांकः 22.04.2026

## रिक्ति सूचना
## विज्ञापन संख्याः 02 / 2026

केन्द्रीय लगदी एवं कागज अनुसंधान संस्थान (CPPRI), सहारनपुर द्वारा दिनांक 18.05.2026 को संविदा आधार पर परामर्शदाताओं की नियुक्ति हेतु वॉक–इन इंटरव्यू आयोजित किया जायेगा। योग्यता, अनुभव तथा अन्य शर्तें निम्नानुसार हैं–

| **पद का नाम एवं संख्या** | **परामर्शदाता ग्रेड–।।। (01 पद)** |
|---|---|
| **पात्रता मानदंड** | सेवानिवृत्त व्यक्ति जिन्होंने सरकार / विश्वविद्यालय / अनुसंधान संस्थान / स्वायत्त निकाय / पी.एस.यू. में अवर सचित(Under Secretary) या समकक्ष पद पर कम से कम 3 वर्ष का अनुभव प्राप्त किया हो। उन्हें उत्कृष्ट संचार एवं अंतरव्यक्तिव कौशल तथा कंप्यूटर अनुप्रयोगों का ज्ञान होना चाहिए। |
| **कार्य प्रोफाइल** | परामर्शदाता को वैज्ञानिक / तकनीकी एवं प्रशासनिक कर्मचारियों की भर्ती, पदोन्नति / असेसमेंट पॉलिसी, सतर्कता, कार्मिक, सुरक्षा, संपत्ति एवं स्टोर / कय मामलों को संभालने मे सक्षम होना चाहिए। उन्हें संस्थान से संबंधित कानूनी मामलों का निपटारा, जैसे न्यायालयीन मामलो, वैज्ञानिक / तकनीकी एवं प्रशासनिक स्टाफ की विभिन्न भर्ती, पदोन्नति / असेसमेंट के साथ किये जाने वाले कॉन्ट्रैक्ट एग्रीमेंट / समझौता ज्ञापन का प्रारूपण एवं जांच, वित्त एवं लेखा कार्यो का ज्ञान (जैसे बैलेंस शीट आदि)। |
| **भुगतान किये जाने वाला पारिश्रमिक** | 50,000 / – (समेकित) |
| **आयु सीमा** | वॉक–इन इंटरव्यू की तिथि पर 65 वर्ष से अधिक नहीं |
| **पद का नाम एवं संख्या** | **परामर्शदाता ग्रेड–।। (01 पद)** |
| **पात्रता मानदंड** | सेवानिवृत्त व्यक्ति जिन्होंने सरकार / विश्वविद्यालय / अनुसंधान संस्थान / स्वायत्त निकाय / पी.एस.यू. में अनुभाग अधिकारी (Section Officer) या समकक्ष पद पर कम से कम 3 वर्ष का अनुभव प्राप्त किया हो। उन्हें उत्कृष्ट संचार एवं अंतरव्यक्तिव कौशल तथा कंप्यूटर अनुप्रयोगों का ज्ञान होना चाहिए। |
| **कार्य प्रोफाइल** | परामर्शदाता को वैज्ञानिक / तकनीकी एवं प्रशासनिक कर्मचारियों की भर्ती, पदोन्नति / असेसमेंट पॉलिसी, सतर्कता, कार्मिक, सुरक्षा और संपदा से जुड़े विभिन्न मामलों को संभालने मे सक्षम होना चाहिए। उन्हें संस्थान से संबंधित कानूनी मामलों जैसे न्यायालयीन मामलो, |

| | |
|---|---|
| | विभिन्न राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों और मिल्स/पार्टियों के साथ किए जाने वाले कॉन्ट्रैक्ट एग्रीमैंट/ समझौता ज्ञापन का प्रारूपण एवं जांच करना, इसके अलावा वैज्ञानिक/तकनीकी एवं प्रशासनिक स्टाफ की भर्ती, पदोन्नति/असेसमेंट, सुरक्षा, संपदा और संस्थान के प्रशासनिक मंत्रालय से जुड़े मामलों को संभालने, GeM आदि में फ्लोटिंग टेंडर की जानकारी सहित संस्थान के अलग-अलग कानूनी मामलों को संभालने में सक्षम होना चाहिए। |
| **भुगतान किये जाने वाला पारिश्रमिक** | 40,000/– (समेकित) |
| **आयु सीमा** | वॉक–इन इंटरव्यू की तिथि पर 65 वर्ष से अधिक नहीं |

# आवश्यकतानुसार पदों में बदलाव हो सकता है और सीपीपीआरआई निकट भविष्य में रिक्तियों को भरने के लिए प्रतीक्षा सूची में शामिल उम्मीदवारों का एक पैनल बना सकता है। यह पैनल एक वर्ष के लिए वैध रहेगा।

**अन्य शर्तें**

1. उपरोक्त पदों की संख्या संस्थान की वास्तविक आवश्यकता के आधार पर बढ़ाई या घटाई जा सकती है। अंतिम निर्णय निदेशक का होगा।
2. परामर्शदाता को एक कैलेंडर वर्ष में 8 दिन का अवकाश आनुपातिक आधार पर मिलेगा। अप्रयुक्त अवकाश अगले वर्ष में स्थानांतरित नहीं होगा।
3. यात्रा भत्ता (TA/DA) देश के भीतर यात्रा हेतु सेवानिवृत्ति के समय प्राप्त अंतिम पात्रता के अनुसार दिया जाएगा।
4. परामर्शदाता की नियुक्ति प्रारंभ में 6 माह के लिए होगी। इसके बाद हर वर्ष समीक्षा की जाएगी और एक बार में अधिकतम एक वर्ष के लिए बढाई जा सकती है। सेवांए कार्यकाल पुर्ण होने या 65 वर्ष की आयु पूरी होने (जो भी पहले हो) पर स्वतः समाप्त हो जाएगी।

**अनुबंध की समाप्ति**

निम्न परिस्थितियों में संस्थान अनुबंध समाप्त कर सकता हैः

1. यदि परामर्शदाता को सौंपे हुए कार्यों को पूरा करने में अस्मर्थ हो।
2. कार्य की गुणवत्ता विभाग की संतुष्टि के अनुरूप न हो।
3. परामर्शदाता विभाग द्वारा अंततः तय किए गए लक्ष्यों को समय पर प्राप्त करने में विफल हो।
4. ईमानदारी एवं सत्यनिष्ठा की कमी पाई जाए।
5. विभाग 15 दिन का नोटिस देकर अनुबंध समाप्त कर सकता है। नोटिस दिए जाने के 15 दिन बाद समाप्ति प्रभावी होगी। समाप्ति से पूर्व अर्जित अधिकारों पर कोई प्रभाव नहीं पडेगा।

**सामान्य शर्तें**

1. उपयुक्त सेवानिवृत्त व्यक्ति सरकारी/विश्वविद्यालय/अनुसंधान संस्थान/स्वायत्त संगठन/सार्वजनिक क्षेत्र जिनके पास उपरोक्त अनुभव है, वॉक–इन इंटरव्यू में भाग ले सकते हैं।
2. अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र भरना होगा तथा साथ में निम्न दस्तावेज लाने होंगेः
   2 पासपोर्ट साइज फोटो, सभी प्रमाण पत्रों की स्वयं सत्यापित प्रतियां, शैक्षिक एवं व्यावसायिक योग्यता प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र, पीपीओ(यदि लागू हो), सेवानिवृत्ति आदेश आदि।
3. वॉक–इन इंटरव्यू में भाग लेने के लिए कोई यात्रा भत्ता (TA/DA) नहीं दिया जाएगा।
4. निदेशक, सीपीपीआरआई को इस विज्ञापन के तहत भर्ती की पूरी प्रकिया को बिना कोई कारण बताए अस्वीकार या रद्द करने का अधिकार है, अगर परिस्थितियों के कारण ऐसा करना आवश्यक हो।

**वॉक–इन–इंटरव्यू की तिथि**

**दिनांकः–** 18.05.2026
**रिपोर्टिंग समयः–** सुबह 9:00 बजे
**स्थान :–** केन्द्रीय लुग्दी एवं कागज अनुसंधान संस्थान, सहारनपुर उत्तर प्रदेश–247001

# केन्द्रीय लुग्दी एवं कागज अनुसंधान संस्थान, सहारनपुर

वॉक–इन–इन्टरव्यू हेतु आवेदन पत्र

फोटो
(विधिवत हस्ताक्षरित)

## आवेदन का प्रारूप

जिस पद के लिए आवेदन किया गया है : ________________________________

1. अभ्यर्थी का नाम (बड़े अक्षरों में) : ________________________________

2. पिता/पत्नी/पति का नाम : ________________________________

3. जन्म तिथि : ________________________________

4. पता (ईमेल आई.डी. और संपर्क नं. सहित) : ________________________________

________________________________________________

________________________________________________

5. शैक्षणिक एवं व्यावसायिक योग्यताए:

| परीक्षा उत्तीर्ण | बोर्ड/विश्वविद्यालय | उत्तीर्ण वर्ष | प्राप्तांक(%) | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

6. अनुभव :

| नाम एवं पता | पद | वेतनमान एवं प्राप्त वेतन | अवधि (से–तक) | किए गए कार्य |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

7. कम्पयुटर का कार्यज्ञान : हाँ/नहीं

8. प्राप्त प्रशिक्षण का विवरण : ____________________

____________________

____________________

9. यदि सीपीपीआरआई(CPPRI) में कोई रक्त संबंधी कार्यरत है, तो उसका नाम, पद एवं संबंध :

____________________

10. सेवानिवृत्ति संबंधी विवरण :

11. अन्य कोई जानकारी :

# घोषणा

मैं ______________________ (पुत्र/पुत्री/पत्नी) ______________________ यह वचनबद्ध/घोषणा करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा प्रदान की गई जानकारी (जैसे आयु, पता, शैक्षणिक एवं व्यावसायिक योग्यता, प्रशिक्षण, अनुभव, सेवा विवरण आदि) जिसके आधार पर मैं केन्द्रीय लुग्दी एवं कागज अनुसंधान संस्थान, सहारनपुर में ____________ पद के लिए आवेदन कर रहा/रही हूँ, मेरे ज्ञान और विश्वास के अनुसार सत्य है। मैं यह भी स्वीकार करता/करती हूँ कि यदि मेरे द्वारा प्रदान की गई जानकारी गलत पाई जाती है या किसी तथ्य को छुपाया गया है, तो भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में या नियुक्ति के बाद मेरी उम्मीदवारी/नियुक्ति रद्द की जा सकती है। साथ ही, गलत जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत करने पर मेरे विरूद्ध कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

दिनांक : ____________ अभ्यर्थी के हस्ताक्षर : ________________

स्थान : ____________ अभ्यर्थी का नाम : ________________

टिप्पणी :

1) यदि शैक्षणिक एवं व्यावसायिक योग्यता, अनुभव, प्राप्त प्रशिक्षण आदि से संबंधित आवश्यक विवरणों का उल्लेख करने के लिए स्थान अपर्याप्त पाया जाता है, तो कृपया अतिरिक्त पृष्ठ संलग्न करे।

2) आवेदन के सभी पृष्ठों पर हस्ताक्षर करें।